कार्यालय जिलाधिकारी,बलिया।

पत्रॉक 2254/ वैय0सहा0(मु0वि0अ0)रा0 जल मिशन दिनांक:अक्टूबर 13 2020.

कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय जल मिशन भारत सरकार के जलवायु परिवर्तन को रोकने सम्बन्धी कार्यक्रमों में प्रमुख है। राष्ट्रीय जल मिशन के अन्तर्गत एक नई अवधारणा **"Catch the Rain"** अभियान के रूप में चलाया जा रहा है,जिसके तहत् Rain Water Harvesting Structurs (RWHS) प्रणालियों का निर्माण करते हुए जनसामान्य की जल संचय के प्रति सहभागिता सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है। **"Catch the Rain"** के तहत् नई (RWHS) प्रणालियों का विकास किया जाना है,जैसे–वाटर हार्वेस्टिंग, जल संचयी, सोख्ते, गड्ढे, रूफटाप, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, तालाबों से गाद निकासी तथा उन्नयन एवं कूओं की साफ–सफाई तथा मरम्मत, जल संचयन के इन प्रयासों के लिए जनसामान्य को तकनीकी मार्ग–दर्शन की आवश्यकता होगी।

अतएव अपर सचिव एवं मिशन निदेशक,भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, नई दिल्ली के अर्द्ध शा0 पत्र सं0 M.65022/09/2020–NWM दिनांक 09–10–2020 के कम में जनपद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने तथा जनसामान्य को जल संचय सम्बन्धी जागरूकता प्रदान करने हेतु निम्न प्रकार जनपद स्तरीय अधिकारियों की **"रेन सेन्टर"** के रूप में समिति गठित की जाती है।

1. जिला विकास अधिकारी,बलिया।
2. उपायुक्त,श्रम रोजगार,मनरेगा, बलिया।
3. जिला कृषि अधिकारी बलिया।
4. भूमि संरक्षण अधिकारी बलिया।
5. सहायक अभियन्ता,लघु सिंचाई बलिया।

उपरोक्त समिति को निर्देशित किया जाता है कि जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार **जल संचयन तथा वाटर**

हार्वेस्टिंग कार्यक्रम का सफल कियान्वयन सुनिश्चित करायें,तथा समय–समय पर वस्तुस्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें। सुलभ सन्दर्भ हेतु अपर सचिव एवं मिशन निदेशक,भारत सरकार के अर्द्ध शा0 पत्र सं0 M.65022/09/2020–NWM दिनांक 09–10–2020 की छाया प्रति संलग्न है।

(श्रीहरि प्रताप शाही)
जिलाधिकारी
बलिया।

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सहायक अभियन्ता,लघु सिंचाई बलिया।
2. भूमि संरक्षण अधिकारी बलिया।
3. जिला कृषि अधिकारी बलिया।
4. जिला विकास अधिकारी,बलिया।
5. परियोजना निदेशक,जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बलिया।
6. मुख्य विकास अधिकारी बलिया को अनुश्रवण एवं कार्यकम का सफल कियान्वयन हेतु प्रेषित।
7. अपर सचिव एवं मिशन निदेशक,भारत सरकार,जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, नई दिल्ली।
8. आयुक्त,आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़।

(श्रीहरि प्रताप शाही)
जिलाधिकारी
बलिया।